प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



'मियां मुसलमान' और बदरुद्दीन अज़मल की जोड़ी क्या कोई करिश्मा दिखाएगी? पेज- 2

www.newswani.in

भारतीय किसान क्रांति यूनियन की हुई बैठक पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 98 | सोमवार 30 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## मन की बातः प्रधानमंत्री मोदी ने योग अपनाने और चीनी-तेल का सेवन घटाने पर दिया जोर

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों से फिटनेस पर ध्यान देने और योग को



जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब 100 दिनों से भी कम समय बचा है और पूरी दुनिया में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस नामक व्यक्ति अपने अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं और विभिन्न स्थानों पर लोगों को योग सिखा रहे हैं। उन्होंने लोगों से खान–पान में सुधार लाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि युवराज दुआ ने उनसे अपने पिता को चीनी कम करने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया था, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने की अपील की और खाने के तेल में कम से कम 10 प्रतिशत की कटौती करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे–छोटे बदलाव मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाने में मदद करेंगे। उन्होंने दोहराया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आज के समय की बड़ी जरूरत है और योग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## बिहार बोर्ड ने कक्षा 10 का परिणाम घोषित किया, 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

(एजेंसी) पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने रविवार को कक्षा 10 का परिणाम घोषित कर दिया, जिसमें 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जमुई जिले की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली जिले की सबरीन परवीन ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। परिणाम घोषित करते हुए मंत्री ने कहा कि कक्षा 10 और 12 के परिणाम मार्च में ही घोषित करने वाला बिहार एकमात्र राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से मूल्यांकन प्रक्रिया रिकॉर्ड 12 दिन में पूरी की गई। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ष्परीक्षा में कुल 15,10,928 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 81.79 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं।ष इस अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर भी मौजूद थे। समिति ने कक्षा 12 का परिणाम 25 मार्च को घोषित किया था।

# पीएम मोदी ने मन की बात के एपिसोड 132 में देशवासियों से किया आह्वान

## पड़ोस में युद्ध और पेट्रोल-डीजल संकट, अफवाहों से बचें

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। यह वर्ष 2026 का तीसरा प्रसारण है। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर चिंता जताते हुए कहा, "हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा है।" उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में लाखों भारतीय काम कर रहे हैं और खाड़ी देशों ने एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को हर संभव मदद प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पूरी दुनिया में ईंधन का संकट पैदा हो गया है। इसलिए देशवासियों से आग्रह है कि वे संकट के इस दौर में एकजुट हों, स्वार्थी राजनीति न करें और किसी तरह की अफवाह न फैलाएं। पीएम मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 132वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के कारण उत्पन्न संकट से पूरी दुनिया की तरह




भारत भी अछूता नहीं है। लेकिन इस संकट के दौर में सभी देशवासियों से अपील की कि जो लोग इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, उन्हें स्वार्थी राजनीति नहीं करनी चाहिए। संकट के समय किसी को ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, यह 140 करोड़ नागरिकों के हितों से जुड़ा मुद्दा है। इसमें स्वार्थी राजनीति की कोई जगह नहीं है। जो लोग अफवाहें फैला रहे हैं, वे देश को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि सतर्क रहें, अफवाहों से भ्रमित न हों। सरकार लगातार सही जानकारी दे रही है। उसी पर भरोसा करें और उसी के आधार पर कदम उठाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर बेहद घटनापूर्ण रहा है। हम सब याद करते हैं कि कोविड के कारण पूरी दुनिया को लंबे समय तक अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। हम सबकी उम्मीद थी कि कोविड संकट से उबरने के बाद दुनिया एक नयी शुरुआत के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगी, लेकिन उसके बाद दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थितियां लगातार उभरती रहीं। अब वहां बेहद नाजुक स्थिति बनी हुई है और भारत के करोड़ों परिवारों के सदस्य वहां रहते हैं और खासकर खाड़ी देशों में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने भारतीयों की मदद करने के लिए खाड़ी देशों का आभार जताते हुए कहा, खाड़ी देशों का बहुत आभार। उन्होंने एक करोड़ से अधिक भारतीयों को हर प्रकार की सहायता दी। अब तक 3.75 लाख से ज्यादा भारतीय सुरक्षित भारत वापस लाए जा चुके हैं। ईरान से लगभग 1000 भारतीय, जिनमें 700 से ज्यादा मेडिकल छात्र शामिल हैं, सकुशल भारत पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारे ऊर्जा जरूरतों, कच्चा तेल, गैस आदि ईंधन का प्रमुख केंद्र है। इस क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दुनिया भर में पेट्रोल, डीजल और गैस का संकट बन रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही मुश्किल हो गई है, जिससे व्यापार मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। देश में स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 5.3 मिलियन टन से ज्यादा है और इसे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संकट में राष्ट्र को एकजुट रहना चाहिए और अफवाहों से बचना चाहिए।

# गुजरात में नफरत का माहौल

## दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार लगातार बढ़े हैं : राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि गुजरात में बीजेपी सरकार के राज में दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और अत्याचार का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता (एनओपी) ने 2016 के ऊना पिटाई कांड के पीड़ितों के साथ भी एकजुटता जाहिर की और कसम खाई कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिल जाता, तब तक वे उनकी आवाज उठाते रहेंगे। गांधी ने सोशल मीडिया पर ये बातें तब कहीं, जब उन्होंने गुजरात के दलित और आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी हाल की बातचीत का एक वीडियो शेयर किया। इस प्रतिनिधिमंडल में ऊना घटना से प्रभावित लोग भी शामिल थे, जिसमें खुद को गौ–रक्षक कहने वालों ने चार युवकों को बेरहमी से पीटा था। वीडियो के साथ अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, यह मुलाकात बहुत ही तकलीफदेह थी और इसने मुझे काफी सोचने पर मजबूर कर दिया। पिटाई की यह घटना 11 जुलाई, 2016 को गिर–सोमनाथ जिले के ऊना शहर के पास मोटा समधियाला गाँव में हुई थी। उस समय चार दलित युवक अपने पुश्तैनी काम के तहत एक गाय की खाल उतार रहे थे, जिसकी मौत उससे पहले किसी दूसरे गाँव में हो गई थी। आरोपियों, जो खुद को गौ–रक्षक कहते थे, ने उन युवकों को बेरहमी से पीटा। इसके बाद उन्हें गैर–कघनूनी तरीके से हवालात में डाल दिया गया और पुलिसवालों ने भी उनके साथ मारपीट की। गांधी ने अपने हिंदी पोस्ट में कहा, लगभग 10 साल पहले, ऊना की घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। दलित युवकों को सरेआम नंगा करके बेरहमी से पीटा गया था। उस समय, मैं उनके परिवारों के साथ एकजुटता के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा, लेकिन यह बेहद अफसोस की बात है कि एक दशक बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक इंसाफ नहीं मिला हैय उनके जख्म अभी भी हरे हैं, और इसके उलट, हालात और भी ज़्यादा बिगड़ गए हैं। गांधी ने कहा, जब मैंने प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनीं, तो यह साफ हो गया कि हालात सुधरने के बजाय



और भी ज़्यादा चिंताजनक हो गए हैं। एक व्यक्ति को इतनी बेरहमी से पीटा गया कि उसके शरीर में 19 जगह हड्डियाँ टूट गईं। एक दूसरे व्यक्ति के भाई को तो महज एक मनमानी के चलते जिंदा जला दिया गया।ष उन्होंने कहा कि ये घटनाएँ महज अलग–थलग अपराध नहीं हैं, बल्कि ये एक ऐसे माहौल की कड़वी सच्चाई को दिखाती हैं जो डर और अन्याय से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे ज़्यादा चिंता की बात यह है कि जो लोग अपने अधिकारों की माँग के लिए आवाज उठाते हैं, उन्हें सुनियोजित तरीके से दबाया जाता है कभी धमकियों से, कभी हिंसा से, और अक्सर हत्या करके। गांधी ने आरोप लगाया, गुजरात में बीजेपी सरकार के राज में, दलित और आदिवासी समुदायों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और जुल्म का माहौल लगातार बढ़ता गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि ऊना घटना के पीड़ित आज भी इंसाफ का इंतजार कर रहे हैं। गांधी ने कहा कि इंसाफ के लिए यह लंबा इंतजार जो 10 साल से चल रहा है अपने आप में एक बड़ा अन्याय है। उन्होंने कहा कि यह महज कुछ अलग–थलग घटनाओं का मामला नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे सिस्टम की नाकामी को दिखाता है जिसमें कमजोर लोगों की आवाज दबा दी जाती है, जबकि अपराधी आजाद घूमते हैं। गांधी ने कहा, मैं पहले भी इन परिवारों के साथ खड़ा था, आज भी उनके साथ खड़ा हूँ, और जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिल जाता, मैं उनकी आवाज उठाता रहूँगा। इस बातचीत का वीडियो एक्स पर पोस्ट करते हुए विपक्ष के नेता ने कहा, ऊना की पुकार आज भी इंसाफ के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। पिछले 10 सालों से, पीड़ित इंसाफ की तलाश में दर–दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी–शासित गुजरात में दलितों और आदिवासियों के लिए अपमान, हिंसा और हत्या ही सच्चाई बन गई है। उन्होंने दावा किया, (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी का यही असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण मॉडल अब पूरे देश पर थोपा जा रहा है।

## मन की बातः जम्मू-कश्मीर ने 67 साल बाद रणजी ट्रॉफी में हासिल की शानदार जीत, पीएम मोदी ने सराहा

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली जम्मू कश्मीर की क्रिकेट टीम की रविवार को तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वहां के खिलाड़ियों की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के क्रिकेटप्रेमियों के लिये मार्च का महीना उत्साह और रोमांच से भरा रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने जब टी20 विश्व कप जीता तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी देशवासियों को टीम की शानदार सफलता पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मैच में जम्मू कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी जीती। मोदी ने कहा ,सबसे खुशी की बात है कि करीब सात दशक के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। यह अभूतपूर्व सफलता खिलाड़ियों के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। अपने नेतृत्व से इस जीत में उन्होंने एक अहम



योगदान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है जिन्होंने रणजी सत्र में 60 विकेट लिये। उन्होंने कहा इस जीत से टीम के खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ के साथ जम्मू कश्मीर के लोग बहुत रोमांचित हैं। क्रिकेट के मैदान में इस शानदार प्रदर्शन के बाद वहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और बढ गया। आने वाले समय में यह कई युवाओं को खेलों को अपनाने के लिये प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा ,जम्मू कश्मीर के लोगों में खेलों को लेकर गजब का जज्बा रहा है। मुझे खुशी है कि यह बड़े खेल आयोजनों का केंद्र भी बनता जा रहा है। मोदी ने कहा कि खेलो इंडिया विंटर खेलों के लिये गुलमर्ग पहले ही अपनी पहचान बना चुका है और फुटबॉल जैसे खेल भी वहां के युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा मुझे आशा है कि आने वाले समय में जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों की जीत का यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

## गोडावण के संरक्षण के प्रयासों के लिए 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था : जयराम रमेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि जून 2010 में तत्कालीन पर्यावरण मंत्री के रूप में उन्होंने उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कच्छ के घास के मैदानों में गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) की संख्या बढ़ाने के लिए संरक्षण प्रयास करने का आह्वान किया था। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गुजरात में गोडावण की सुरक्षा की पहल का पूरा श्रेय हमेशा की तरह प्रधानमंत्री को दिया जा रहा है। यह प्रचारित किया जा रहा है कि उनके मन में यह विचार 2011 में आया था। उन्होंने कहा, महज ऐतिहासिक रुचि के विषय के तौर पर बताना चाहता हूं कि नौ जून 2010 को तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कच्छ के घास के मैदानों में गोडावण की संख्या बढ़ाने के लिए संरक्षण प्रयास किए जाने का आह्वान किया था। इससे जुड़े पेशेवर लोग यह पृष्ठभूमि जानते हैं। मई 2009 से जुलाई 2011 के बीच रमेश पर्यावरण मंत्री थे। उन्होंने कहा कि मार्च 1961 में भारत के महानतम पक्षी विज्ञानी सलीम अली ने इच्छा जताई थी कि गोडावण को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया जाए क्योंकि यह विलुप्ति के कगार पर था लेकिन दिसंबर 1963 में मैसूर के जयचामराजेंद्र वाडियार की अध्यक्षता वाले भारतीय वन्यजीव बोर्ड ने ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कारणों से मोर को राष्ट्रीय पक्षी चुना था। रमेश ने 2010 में मोदी को लिखे अपने पत्र में कहा था, आप जानते हैं कि गोडावण अत्यधिक संकटग्रस्त प्रजाति है और गुजरात में कच्छ के घास के मैदान इस प्रजाति के पुनरुद्धार की संभावना वाले आखिरी बचे क्षेत्रों में से एक हैं।

# अखिलेश यादव ने पीएम मोदी की रैली पर कसा तंज

## कहा- भीड़ जुटाने के लिए सरकारी संसाधनों का लेना पड़ा सहारा

(एजेंसी) दादरी। समाजवादी पार्टी ने दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा' रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया, जहां पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पीएम मोदी की रैलियों में भीड़ जुटाने के तौर–तरीकों से लेकर विकास के दावों तक कई सवाल खड़े किए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का सहारा लेना पड़ा है। दादरी में आयोजित सपा की रैली में बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने मंच से कहा कि पूरे पंडाल में पार्टी के झंडे का लाल रंग छाया हुआ दिख रहा है, जो कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक है। आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने सपा नेता राजकुमार भाटी की सराहना भी की। अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा की इस रैली की चर्चा ने विरोधियों को असहज कर दिया। उनका आरोप था कि इसी दबाव में विपक्षी दलों ने सपा की रैली से पहले अपनी रैली आयोजित की लेकिन वहां भीड़ स्वाभाविक नहीं थी बल्कि लोगों को जुटाया गया था। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कैमरों से कुछ भी छिपा नहीं रह



सकता और सच्चाई सामने आ ही जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाले दल को रैली के लिए सरकारी संसाधनों और कर्मचारियों का सहारा लेना पड़ा। साथ ही, एक संस्थान के छात्रों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित किए जाने और बाद में छुट्टी देने की बात भी उन्होंने कही। रैली में अखिलेश ने राज्य सरकार के विकास दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में उद्घाटन किए गए कई एयरपोर्ट बंद हो चुके हैं और नए एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही यह आशंका बनी रहती है कि कहीं उन्हें निजी हाथों में न सौंप दिया जाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कम से कम उद्घाटन के समय यह भरोसा दिया जाना चाहिए कि सार्वजनिक संपत्ति को बेचा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग नोएडा आने से कतराते थे, वे अब वहां कार्यक्रम कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने दावा किया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में नोएडा और दिल्ली को जोड़ने के लिए मेट्रो जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं दीं और क्षेत्र के विकास के लिए कई निर्णय लिए। सपा मुखिया ने कहा कि वर्तमान सरकार के पास अपने काम गिनाने के लिए ठोस उपलब्धियां नहीं हैं, इसलिए वह इस तरह के मुद्दों के जरिए ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

# सम्पादकीय

## बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन, पोस्टर वार हुआ शुरू

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद से बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर हलचल जारी है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार 13 अप्रैल के बाद बिहार के मुख्यमंत्री पद से



नफीस जाफरी

इस्तीफा दे सकते हैं। नीतीश कुमार के इस्तीफे से पहले बिहार की राजनीति में नए मुख्यमंत्री के नाम की चर्चा शुरू हो गई है। नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग तेज होने लगी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफे की चर्चा के बीच पटना में पोस्टर लगाए गए हैं और निशांत कुमार को भविष्य का मुख्यमंत्री बताया गया है। पटना में यह पोस्टर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थकों ने लगाए, जिसमें उनसे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देने की अपील भी की। इन पोस्टरों में नीतीश कुमार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई भी दी गई। पोस्टर पर लिखा है, क्यों कर रहे हैं आप ऐसा विचार, जब बिहारवासियों को स्वीकार नहीं कि आप मुख्यमंत्री पद छोड़ जाएं बाहर। इसके साथ ही पोस्टर पर निशांत कुमार की तस्वीर छपी है, जिसके नीचे लिखा है, यूचर सीएम ऑफ बिहार। इससे पहले, जदयू विधायक अनंत सिंह ने खुलकर निशांत कुमार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में समर्थन दिया। अनंत सिंह ने कहा कि निशांत कुमार में मुख्यमंत्री बनने के सभी गुण हैं और वे एक अच्छे उत्तराधिकारी साबित हो सकते हैं। हालांकि, निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग उस समय और तेज हुई है, जब नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद एमएलसी पद से जल्द इस्तीफा देने की चर्चाएं हैं। पटना में निशांत कुमार के समर्थन में पोस्टर लगने के बाद जदयू के कई नेताओं ने उनके मुख्यमंत्री बनाने की मांग भी उठाई है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने साफ तौर पर कह दिया कि जदयू का भविष्य निशांत के हाथ में है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, जदयू का भविष्य निशांत कुमार के हाथ में है और हर एक दल का शुभचिंतक अपने नेता को बड़ी ऊंचाई पर देखना चाहता है। निशांत कुमार उनके सुपुत्र हैं, जिन्हें ग्लोबल थिंकर कहा गया है। हम लोग भी चाहते हैं कि वे क्लाइमेक्स लीडर बनें। उन्होंने एक नारा जय निशांत, तय निशांत, तीर निशान, तय निशांत भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद नए मुख्यमंत्री के नामों की चर्चा को लेकर कहा कि बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा, यह इच्छा व्यक्त करने का हम सभी को अधिकार है, लेकिन सर्वानुमति एनडीए के घटक दल में ही होगी। उन्होंने हालांकि इतना जरूर कहा कि यह तय है कि बिहार में जो भी सरकार बनेगी, वह नीतीश कुमार के मॉडल पर ही चलेगी। नीतीश मॉडल ही बिहार की जनता का प्यार का मॉडल है और सद्भाव का मॉडल है।

जहां तक बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सवाल है तो मालूम हो कि नियम के अनुसार, राज्यसभा सदस्य चुने जाने के 14 दिनों के भीतर राज्य विधानमंडल से इस्तीफा देना होता है। ऐसे में नीतीश कुमार 30 मार्च को एमएलसी पद छोड़ेंगे। उसके बाद वह 10 अप्रैल को नितिन नवीन के साथ राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ लेंगे। इसके अलावा इसी दिन शिवेश राम, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा भी राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले नीतीश के करीबी सहयोगी और जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने संकेत दिया कि नीतीश कुमार जल्द ही विधान परिषद की सदस्य से इस्तीफा देंगे। हालांकि, जद(यू) के कुछ नेताओं का मानना है कि बिहार में नेतृत्व परिवर्तन फिलहाल टल सकता है, क्योंकि नियमों के तहत कोई व्यक्ति बिना विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य हुए भी अधिकतम छह महीने तक मुख्यमंत्री पद पर बना रह सकता है। उधर एनडीए के अंदर भी नए मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं, हालांकि भाजपा या जदयू की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस बीच, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का नागपुर दौरा भी राजनीतिक अटकलों को और बढ़ा रहा है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है। कुल मिलाकर, बिहार की राजनीति इस समय एक बड़े बदलाव के दौर से गुजरती दिख रही है। जदयू में उत्तराधिकार को लेकर चर्चा, भाजपा के अंदर विचार–विमर्श और विपक्ष की रणनीति सब एक साथ चल रहे हैं। अब जदयू के अंदर भी यह मांग तेज होती जा रही है कि निशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दी जाए, यहां तक कि उन्हें अगला मुख्यमंत्री बनाया जाए। अनंत सिंह के समर्थन के बाद इस मांग को और मजबूती मिली है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बिहार में नेतृत्व की नई पीढ़ी सामने आ सकती है।

## टेंट लगाते समय करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

### – पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

न्यूज वाणी ब्यूरो /खैराबाद, सीतापुर। जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिमरी गांव में उस वक्त मातम पसर गया, जब रोजी–रोटी कमाने निकले एक युवक की बिजली की चपेट में आने से जान चली गई। शुक्रवार को रहिमाबाद में टेंट लगाने के दौरान हुए इस हादसे ने एक हंसते–खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भिमरी गांव निवासी राकेश कुमार मजदूरी करके अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। शुक्रवार को वह रहिमाबाद में एक कार्यक्रम के लिए टेंट लगाने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब राकेश टेंट का मुख्य द्वार (गेट) खड़ा कर रहे थे, तभी लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई–टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि राकेश को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राकेश की पत्नी इस समय गहरे सदमे में हैं और उनका रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस घटना के बाद से सन्नाटा पसरा हुआ है। मासूम बच्चों के भविष्य पर संकट राकेश अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके पीछे अब उनकी पत्नी और पांच छोटे बच्चे रह गए हैं। मृतक के कुल पांच बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी अब विवाह योग्य हो चुकी है, जबकि बाकी चार बच्चे अभी बहुत छोटे हैं। पिता के अचानक चले जाने से न केवल बच्चों के सिर से साया उठ गया है, बल्कि परिवार के सामने अब आर्थिक संकट का पहाड़ भी टूट पड़ा है। ग्रामीण प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## 'मियां मुसलमान' और बदरुद्दीन अज़मल की जोड़ी क्या कोई करिश्मा दिखाएगी?



गुलफिशा खान

असम में विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है और सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है, क्योंकि पिछले 60 सालों में उन्होंने लोगों को जिस तरह की सरकार दी है, उसे लोगों ने देख लिया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि श्हमने असम की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज लोगों को हमारी मजबूत सांस्.तिक विरासत पर आधारित एक नया असम देखने को मिल रहा है। सरमा ने दावा करते हुए कहा, बांग्लादेशी घुसपैठियों को छोड़कर, बाकी सभी लोग पूरी तरह से भाजपा के साथ हैं। कोई भी स्थानीय मूल भारतीय व्यक्ति कांग्रेस को वोट नहीं देगा। उन्होंने आगे कहा, इस बार हालात पूरी तरह से अलग हैं और लोग पूरे दिल से वोट करेंगे। कुछ लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ मिलकर नतुन (नया) बोर (महान) असम बनाने के सपने देख रहे हैं। हम तो अपने पुराने बोर असम से ही खुश हैं। अब बात यूडीएफ के नेता बदरूद्दीन अजमल की तो मालूम हो असम के बिन्नाकांडी के बीचों–बीच कई एकड़ में फैली एक भव्य हवेली है। इसके ऊंचे काले गेट की 24 घंटे सुरक्षा होती है। यह होजाई जिले के बिन्नाकांडी में अजमल परिवार का किला है। यह इत्र कारोबारी अजमल की विरासत का प्रतीक है, जो 2023 के परिसीमन के बाद राजनीतिक का एक नया केंद्र बना है। असम नौ अप्रैल को विधानसभा की 126 सीटों के लिए होने वाले चुनाव की ओर बढ़ रहा है। बिन्नाकांडी पहले जमुनामुख विधानसभा क्षेत्र में आता था। बिन्नाकांडी में 2.6 लाख से अधिक मतदाता हैं। उनमें से अधिकांश अल्पसंख्यक हैं। इस सीट पर मुकाबला उस समय कांटे का हो गया, जब ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल, असम जातीय परिषद के रेजाउल करीम चौधरी (जमुनामुख के पूर्व विधायक के बेटे) और असम गण परिषद के साहाबुद्दीन मजूमदार ने नामांकन दाखिल किया। अल्पसंख्यक बहुल बिन्नाकांडी में यह एक वंशवादी टकराव है, अजमल बनाम उभरते प्रतिद्वंद्वी। 74 साल के अजमल 2024 लोकसभा चुनाव में धुबरी में मिली करारी हार के बाद राज्य में वापसी की कोशिशें कर रहे हैं। धुबरी में उन्हें कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने 10 लाख से अधिक वोटों के विशाल अंतर से हराया था। वहां अजमल को 20 फीसदी वोट भी नहीं मिले थे। ठप पड़ा विकास और बदलाव की मांग जैसे मुद्दे हाबी रहे। साल 2009, 2014 और 2019 में धुबरी से लोकसभा चुनाव जीतने वाले अजमल ने 2006 में विधानसभा चुनाव में कदम रखा था। उन्होंने जमुनामुख और साउथ सलमारा सीट पर जीत दर्ज की थी। इस क्षेत्र में सत्ता उनके, उनके भाई सिराजुद्दीन अजमल (पूर्व विधायक) और बेटे अब्दुर रहीम अजमल (पूर्व विधायक) के बीच ही घूमती रही है। अजमल की नामांकन रैली में भारी भीड़ उमड़ी। लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी राजनीति और नेतृत्व को लेकर राय बंटी हुई है। समर्थक उन्हें मसीहाई परोपकार का प्रतीक मानते हैं, जबकि आलोचक उन्हें पहचान की राजनीति करने वाला नेता बताते हैं। नामांकन से पहले उनके कार्यालय जाते समय समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके समर्थकों में से कुछ उनके पैर छूने झुके, तो कुछ उनसे दुआ की गुजारिश करते दिखे। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी लाइनें लगी थीं, जबकि बाइक सवार भीड़ में रास्ता बनाते हुए सिर्फ उनकी एक झलक पाने को की कोशिश करते दिखे। कभी असम की चुनावी गणित में निर्णायक मानी जाने वाली ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट अब अपनी प्रासंगिकता, बिखराव और अस्तित्व को लेकर सवालों का सामना कर रही है। इस पार्टी को लंबे समय से राज्य में मियां के नाम से मशहूर बंगाली–भाषी मुसलमानों का राजनीतिक आधार माना जाता रहा है। इन मियां मुसलमानों की संख्या असम की आबादी का 30 फीसदी से अधिक है। करीब दो दशकों तक ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने निचले असम के धुबरी, बरपेटा,



गोलपाड़ा, जमुनामुख, होजाई, नगांव और बराक घाटी के मुस्लिम बहुल इलाकों में मजबूत वोट बैंक बनाकर अपनी ताकत कायम रखी। अब दो दशक बाद अजमल की विधानसभा राजनीति में वापसी काफी अहम मानी जा रही है। उनके समर्थकों के लिए वे आज भी एक मसीहा हैं– आस्था–चिकित्सक और समाजसेवी। वहीं उनके आलोचक उन्हें जमीनी हकीकत से दूर हो चुके और पहचान की राजनीति करने वाले नेता का प्रतीक बताते हैं। वहीं दूसरी ओर, रेजाउल चौधरी भी आत्मविश्वास से भरे हैं। वो मानते हैं कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के खिलाफ एंटी–इंकबेंसी उनके पक्ष में जाएगी। उनका आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से विकास नहीं हुआ है। वो कहते हैं, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट 20 साल से यहां है। उसने इस क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है। वे दुबई में रहते हैं और यहां दूसरे लोगों से काम कराते हैं। सड़कें खराब हैं और उनकी राजनीति पूरी तरह सांप्रदायिक है। वे सिर्फ चुनाव के समय आते हैं और गरीबों में पैसा बांटते हैं। अगर मैं जीतता हूं, तो युवाओं के रोजगार और उनके भविष्य पर ध्यान दूंगा। यहां व्यापक भ्रष्टाचार है. अजमल शायद ही गांवों में आते हैं। वहीं अजमल आशावादी बने हुए हैं। उनका दावा है कि इस बार ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट 25 से अधिक सीटें जीतेगी। धुबरी में अपनी हार पर उनका कहना है कि वो मतदाताओं में जागरूकता की कमी के कारण हारे, जो महागठबंधन की चर्चाओं और कांग्रेस नेताओं के वादों से प्रभावित हो गए थे। 20 साल के मतदाता हाजी ज़मान कहते हैं, एक नए मतदाता के रूप में मेरा मानना है कि जो भी जीते, उसे विकास और शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। पिछले नेताओं की गलतियां दोहराई नहीं जानी चाहिए। अजमल साहब को समाज के सुधार के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थान खोले हैं, लेकिन वे सबके लिए सुलभ नहीं हैं, यह ज्यादा व्यवसाय जैसा लगता है। इद्रीस अली नाम के एक दूसरे मतदाता का कहना था,जो भी सरकार आए, उसे विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। हमने अलग–अलग पार्टियों को वोट दिया, लेकिन वे वापस आकर हमारी समस्याएं नहीं देखते हैं, सड़क जैसी बुनियादी समस्याएं आज भी जस की तस हैं। इनके अलावा कई लोगों ने अजमल और उनके परिवार पर जमीन स्तर से कटे होने का आरोप लगाया। मुरतासिम अली ने कहा,श्हम नई सरकार चाहते हैं। यह सरकार हमें निराश कर चुकी है। वे लोगों से नहीं मिलते और अक्सर दुबई में रहते हैं। वहीं गौतम सिल का कहना था, हम चाहते हैं कि नेता सीधे हमसे जुड़ें, सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं के जरिए नहीं। हालांकि, अजमल के समर्थकों की भी कमी नहीं है। मोइनुद्दीन ने कहा,अजमल एक अच्छे नेता हैं। धुबरी में उनकी हार दुर्भाग्यपूर्ण थी। बिन्नाकांडी में सभी उन्हें पसंद करते हैं। उनके भाई ने जमुनामुख में काफी काम किया है, हमें उम्मीद है कि वे यहां भी अच्छा काम करेंगे। वहीं हुसैन अहमद ने कहा,वे हमारे नेता हैं और हमेशा रहेंगे। असम की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी करीब 34 फीसदी है और निचले असम के कई क्षेत्रों में वे निर्णायक मतदाता हैं। अपने चरम पर ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट 126 सदस्यीय विधानसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। उसने 2011 में 18 सीटें, 2016 में 13 और 2021 में लगभग 16 सीटें जीती थीं। संसदीय राजनीति में भी अजमल ने 2009 से 2024 तक धुबरी सीट पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। लेकिन 2024 का चुनाव एक बड़ा झटका साबित हुआ, जब कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने उन्हें 10 लाख से अधिक वोटों से हराया। कांग्रेस को करीब 60 प्रतिशत वोट मिले, जबकि अजमल का वोट शेयर 20 प्रतिशत से नीचे गिर गया। इस हार ने न सिर्फ उन्हें संसद से बाहर कर दिया, बल्कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की चुनावी ताकत की धारणा को भी कमजोर कर दिया. पूरे असम में पार्टी का वोट शेयर घटकर करीब तीन फीसदी रह गया और वह एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत सकी। यह बदलाव व्यापक राजनीतिक पुनर्बदलाव का हिस्सा है। साल 2021 में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट से अब कांग्रेस ने दूरी बना ली है। दोनों ने 2026 के लिए कोई गठबंधन नहीं किया है। इससे विपक्षी वोट बैंक बंट गया है. कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के भीतर संगठनात्मक चुनौतियां भी सामने आई हैं– आंतरिक मतभेद, विधायकों का निलंबन और नेताओं के अन्य पार्टियों (जैसे भाजपा की सहयोगी एजीपी) की ओर जाने की अटकलें हैं। इस विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट 27 सीटों पर चुनाव मैदान में है। इनमें से अधिकांश अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र हैं। पार्टी का दावा है कि उसका मजबूत समर्थन आधार अभी भी मौजूद है, लेकिन अब चुनावी गणित अधिक जटिल हो चुका है। कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच वोटों का बंटवारा भाजपा के पक्ष में परिणाम बदल सकता है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को पहले मिली सफलता वोटों के ध्रुवीकरण पर आधारित थी, जबकि अब चुनौती उनके बिखराव से निपटने की है। जहां पहले यह पार्टी अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व का मुख्य मंच थी, अब उसे उसी वोट बैंक के लिए कांग्रेस से सीधी टक्कर मिल रही है, जबकि भाजपा भी 2016 के बाद से मजबूत हुई है। इस बदलते परि.श्य में 2026 का चुनाव ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और अजमल के लिए निर्णायक है। अब सवाल यह नहीं है कि पार्टी अपना प्रभाव बढ़ा सकती है या नहीं, बल्कि यह है कि वह जो बचा है, उसे बचा पाएगी भी या नहीं। यह चुनाव तय करेगा कि क्या अजमल का व्यक्तिगत प्रभाव उनकी पार्टी की गिरती स्थिति को संभाल सकता है, क्या बिखरे समर्थन को फिर से जोड़ा जा सकता है और क्या कभी असम की राजनीति को प्रभावित करने वाली यह ताकत बदलते राजनीतिक माहौल में अपनी जगह बना पाएगी।

## सैनिकों की कमी से जूझती इजरायली सेना



फरीद वारसी

क्या आपको पता है कि इजरायल में एक समुदाय को छोड़कर बाकि सभी समुदाय के पुरुषों के लिए मिलिट्री में सेवा देना अनिवार्य है। लेकिन जब बार–बार की जंग लड़ने की वजह से इजरायल की सेना कोलैप्स (ढहने) होने के कगार पर पहुंच गई है, इस एक समूदाय को मिली छूट ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। इस समुदाय का नाम हरदी है जो अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स यहूदी समुदाय है। अब तो खुद इजरालयी सेना के चीफ और विपक्ष के मुख्य नेता ने इन्हें भी अनिवार्य मिलिट्री सेवा में शामिल करने की मांग उठा दी है। दरअसल ईरान जंग के बीच इजराइल रक्षा बल पर लगातार बढ़ता दबाव दिखाई दे रहा है। सेना के प्रमुख लेटिनेंट जनरल एयाल ज़मीर ने चेतावनी दी कि बढ़ते ऑपरेशनल दबाव और सैनिकों की कमी के कारण इजरायली सेना "खुद ही अंदर से टूट सकती है।" उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "रिजर्व सैनिक अब इस स्थिति को संभाल नहीं पाएंगे" और सेना को तुरंत एक अनिवार्य भर्ती कानून की जरूरत है। उनका संकेत ऐसा कानून बनाने की ओर था जो अब तक सैन्य सेवा से काफी हद तक मुक्त रहे हरदी समुदाय के लोगों की भर्ती की अनुमति देगा। मालूम हो कि 1948 में इजरायल के गठन के बाद से ही इस समुदाय के लोगों को सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। इजरायल में सामान्य रूप से सैन्य सेवा अनिवार्य है, लेकिन देश की स्थापना के समय एक व्यवस्था बनाई गई थी जिसके तहत वे हरदी समुदाय के पुरुष जो अपना पूरा समय पवित्र यहूदी धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन में लगाते हैं, उन्हें सेना में सेवा से छूट दी जाती है। उस समय यह अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स समुदाय बहुत छोटा था, इसलिए यह व्यवस्था ज्यादा विवादित नहीं थी। अब स्थिति बदल चुकी है और सेना पर बढ़ते दबाव के बीच इस छूट को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी सरकार बनाए रखने के लिए अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के





समर्थन पर निर्भर हैं। इसी कारण उन्होंने इस कानून को पारित करने में देरी करने के लिए कई तरह की रणनीतियां अपनाई हैं। दूसरी ओर अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स पार्टियां अपने समुदाय के लिए सैन्य सेवा से छूट बनाए रखने के लिए कानून लाने की मांग कर रही हैं। यह स्थिति तब और जटिल हो गई जब 2024 में इजरायल की उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि हरदी येशिवा छात्रों को दी जा रही इस लंबे समय से चली आ रही छूट का कोई कानूनी आधार नहीं है। रिपोर्टों के अनुसार वर्तमान में 18 से 24 वर्ष के बीच के लगभग 80,000 अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स पुरुष ऐसे हैं जो सैन्य सेवा के लिए पात्र हैं, लेकिन अब तक सेना में शामिल नहीं हुए हैं।गाजा में हमास से जंग, लेबनान में हिजबुल्लाह से जंग और अब एक महीने से ईरान से जंग... इजरायल एक साथ कई मोर्चे में लगातार युद्ध में उलझा हुआ है। आलम अब यह है कि खुद इजरायली रक्षा बल के प्रमुख लेटिनेंट जनरल इयाल जमीर ने चेतावनी दी है कि सैन्य दबाव और जवानों की भारी कमी के कारण इजरायली सेना अंदरूनी तौर पर ढह सकती है। सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान जमीर ने मंत्रियों के सामने 10 रेड लैगश (खतरे के संकेत) रखे। उन्होंने कहा कि सेना पर मिशन का बोझ बढ़ रहा है, जबकि सैनिकों की संख्या घट रही है। इतना ही नहीं अब इजरायल की राजनीति में भी फूट नजर आने लगी है। इजरायल के मुख्य विपक्षी नेता यायर लैपिड ने कहा है कि सरकार सेना को युद्ध के मैदान में घायल छोड़ रही है। जवानों की भारी कमी– युद्ध के लंबे समय तक खिंचने के कारण सक्रिय सैनिकों और रिजर्व बलों की संख्या में भारी गिरावट आई है। मिशन का बढ़ता बोझ– मौजूदा सैनिकों पर मिशन और ड्यूटी का दबाव उनकी क्षमता से अधिक हो रहा है। रिजर्व फोर्स की थकान– बार–बार बुलाए जाने के कारण रिजर्व सैनिकों में शारीरिक और मानसिक थकान देखी जा रही है। अर्थव्यवस्था पर प्रभाव– रिजर्व सैनिकों के लंबे समय तक मोर्चे पर रहने से देश की अर्थव्यवस्था और उनके निजी रोजगार पर बुरा असर पड़ रहा है। हथियारों की आपूर्ति– लगातार चल रहे युद्ध के कारण गोला–बारूद और सैन्य उपकरणों के स्टॉक में कमी आने का खतरा है। कमांडरों की कमी– अग्रिम मोर्चे पर अनुभवी फील्ड कमांडरों और अधिकारियों की संख्या घट रही है। भर्ती में असमानता– समाज के कुछ वर्गों (जैसे अल्ट्रा–ऑर्थोडॉक्स) का सेना में शामिल न होना बाकी सैनिकों में असंतोष पैदा कर रहा है। प्रशिक्षण में गिरावट– युद्ध में व्यस्तता के कारण नए रंगरूटों और मौजूदा इकाइयों के नियमित प्रशिक्षण के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य संकट– युद्ध के लंबे अनुभव के कारण सैनिकों में पोस्ट–ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के मामले बढ़ रहे हैं। अंदरूनी ढांचागत पतनरू यदि तुरंत नए सैनिकों की भर्ती और संसाधनों का प्रबंधन नहीं किया गया, तो सेना अंदरूनी तौर पर ढह सकती है। पिछले लगभग एक महीने से जारी ईरान जंग के बीच पहली बार इजरायल के विपक्ष ने सरकार के खिलाफ आवाज उठाया है और बताया कि बार–बार की जंग में उलझी सेना कि कितनी हालत खराब है। देश के मुख्य विपक्षी नेता यायर लैपिड ने युद्ध के 27वें दिन ज्ट पर कहा, मैं इजरायल के नागरिकों को चेतावनी देना चाहता हूं। हम एक और सुरक्षा आपदा का सामना कर रहे हैं। लैपिड ने कहा, सरकार बिना किसी रणनीति, बिना आवश्यक साधनों और बहुत कम सैनिकों के साथ सेना को बहु–मोर्चे वाले युद्ध में भेज रही है। लैपिड ने कहा कि इजरालयी सेना के चीफ जमीर ने कैबिनेट को बताया कि जो रिसर्व के सैनिक हैं वो भी छठे और सातवें रोटेशन पर हैं। लापिड ने कहा कि ये रिजर्व के सैनिक थक चुके हैं और अब हमारी सुरक्षा चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते।

## चचा और भतीजे के गिले-शिकवे हुए ख़त्म!



शबाब हुसैन

पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस कल तक अपने भतीजा चिराग पासवान को जल्लाद तक कहने से गुरेज नहीं करते थे, लेकिन चिराग पासवान का उनका पैर छूकर प्रणाम करने के बाद से उनका तेवर नरम पड़ता दिख रहा है। पशुपति कुमार पारस ने बीते मंगलवार (24 मार्च) को खगड़िया में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि खून का रिश्ता कभी खत्म नहीं होता है। उन्होंने कहा, राजनीतिक रिश्ता अलग होता है, लेकिन चाचा और भतीजा का रिश्ता कभी खत्म नहीं किया जा सकता है। मैं उसका चाचा हूं और वह मेरा भतीजा है। पशुपति कुमार पारस से जब पूछा गया कि क्या आप चिराग के साथ जाएंगे। तब पशुपति कुमार पारस ने कहा कि राजनीति में कल क्या होगा, यह किसने देखा है? दरअसल चिराग पासवान सोमवार (23 मार्च) को अपने पैतृक गांव खगड़िया के शहरबन्नी अपने दिवंगत चाचा अर्जुन पासवान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। चिराग पासवान सबसे पहले अपनी बड़ी मां राजकुमारी देवी के पास पहुंचे। जैसे ही चिराग ने उनके पैर छुए, बड़ी मां ने उन्हें गले लगा लिया, और चिराग की आंखों से आंसू छलक पड़े। काफी देर तक चिराग अपनी बड़ी मां के गले लगकर रोते रहे, जिसके बाद उन्होंने बड़ी मां का हाल–चाल पूछा। इसी दौरान चिराग ने अपने चाचा पशुपति कुमार पारस का पैर छूकर प्रणाम किया। जिस पर पशुपति कुमार पारस भी अपनी कुर्सी से उठकर चिराग के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया था। इसके बाद दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक एकांत में बातचीत भी हुई। हालांकि, बंद कमरे की बातचीत बाहर नहीं आई, लेकिन दोनों के चेहरे के भाव बता रहे थे कि रिश्तों की बर्फ पिघल चुकी है। पारिवारिक एकजुटता का सिलसिला यहीं नहीं थमा। चिराग पासवान ने अपने छोटे भाई और पूर्व सांसद प्रिंस राज से भी मुलाकात की। दोनों भाई एक–दूसरे के गले लगे और काफी देर तक साथ दिखे। इस दौरान वहां मौजूद समर्थकों का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्होंने चिराग–प्रिंस के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की। गौरतलब है कि स्वर्गीय रामविलास पासवान ने दो शादियां की थीं। दिवंगत नेता की पहली शादी राजुकमारी देवी से हुई थी। उनकी दूसरी शादी रीना से हुई थी। जो चिराग पासवान की मां हैं। राजकुमारी देवी की दो बेटियां ऊषा और आशा हैं। वहीं रीना के बेटा चिराग और बेटी निशा हैं। राजकुमारी देवी का कोई बेटा नहीं है। वो चिराग को ही अपना बेटा मानती हैं। रामविलास पासवान की तीन बेटियां और एक बेटा है। राम विलास पासवान की पहली शादी बचपन में ही, लगभग सात–आठ साल की उम्र में राजकुमारी देवी से हुई थी। यह शादी ग्रामीण बिहार के पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार हुई थी। गौना रस्म के बाद, राजकुमारी पासवान के पुश्तैनी गांव शहरबन्नी में रहने आ गईं और उनके





दो बेटियां हुईं। हालांकि जैसे–जैसे पासवान का राजनीतिक करियर आगे बढ़ा, गांव में उनका आना–जाना कम होता गया। 1977 तक हाजीपुर से अपना पहला लोकसभा चुनाव जीतने के बाद, वे सांसद के तौर पर काम करने के लिए दिल्ली चले गए। राजकुमारी कुछ समय के लिए अपनी बेटियों के साथ उनके पास दिल्ली में रहीं, लेकिन तीन महीने के भीतर ही उन्हें वापस गांव भेज दिया गया, जिसके बाद वे फिर कभी दिल्ली नहीं लौटीं। इधर दिल्ली में राम विलास पासवान का राजनीतिक प्रभाव बढ़ रहा था। इसी बीच उनकी मुलाकात अविनाश कौर से हुई। दोनों को एक दूसरे से प्रेम हो गया और 1983 में उन्होंने दिल्ली में शादी कर ली। इससे पहले 1981 में पासवान ने अपनी पहली पत्नी से कानूनी तौर पर तलाक ले लिया था। इस बात का खुलासा उन्होंने बाद में, 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन भरते समय किया था। वहीं शादी के बाद अविनाश ने अपना नाम बदलकर रीना पासवान रख लिया।

# उसिया से अखनी तक आस्था की गूंज

## - दादा शाह जहांगीर खां के सालाना उर्स में उमड़ा जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। दिलदारनगर क्षेत्र के उसिया गांव से निकलकर बिहार के कैमूर जिले के अखनी गांव स्थित दादा शाह जहांगीर खां रहमतुल्लाह अलैह की मजार तक पहुंची सालाना उर्स की चादर ने इस वर्ष भी आस्था, श्रद्धा और आपसी भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की। उर्स के मौके पर दूर–दराज से आए हजारों जायरीन की मौजूदगी से पूरा आस्ताना गुलजार रहा। हर तरफ इबादत, मोहब्बत और सूफियाना रंग देखने को मिला। खास बात यह रही कि इस पावन अवसर पर न केवल मुस्लिम समाज बल्कि हिन्दू समाज के लोगों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और मजार पर चादरपोशी कर अमन–चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स की शुरुआत परंपरागत तरीके से चादर लेकर जुलूस के रूप में की गई। उसिया गांव से निकली चादर पूरे धार्मिक उत्साह और अकीदत के साथ अखनी गांव स्थित मजार शरीफ तक पहुंचाई गई। जुलूस के दौरान रास्ते भर लोग श्रद्धा के साथ शामिल होते गए, जिससे यह कारवां और भी भव्य होता गया। जगह–जगह लोगों ने फूल बरसाकर और दुआओं के साथ जुलूस का स्वागत किया। दरगाह पहुंचने के बाद मजार शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। इस दौरान जायरीन की भारी भीड़ उमड़ी रही और हर कोई अपने–अपने अंदाज में दुआएं करता नजर आया। पूरा माहौल रूहानी रंग में डूबा हुआ था। जायरीन की आंखों में आस्था और दिलों में सुकून साफ झलक रहा था। उर्स के अवसर पर कोलकाता सहित देश के विभिन्न शहरों से आए ओलमा–ए–कराम ने तकरीरें पेश कीं। उन्होंने अपने संबोधन में सूफी संतों की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए इंसानियत, भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की शिक्षाएं आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गई हैं, जो समाज को जोड़ने और आपसी नफरत को खत्म करने का काम करती हैं। तकरीरों के बाद सूफियाना कलाम और कव्वाली का दौर शुरू हुआ, जिसने पूरे माहौल को और भी रंगीन बना दिया। मशहूर कव्वालों ने अपने कलाम से जायरीन को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात दरगाह परिसर में कव्वाली का कार्यक्रम चलता रहा, जिसमें लोग देर रात तक डटे रहे और सूफी संगीत का आनंद लेते रहे। भर दो झोली मेरी और तेरा दरबार बड़ा निराला जैसे कलामों पर जायरीन भाव–विभोर होकर झूमते नजर आए। इसके साथ ही लंगर–ए–आम का आयोजन भी पूरी रात चलता रहा। इसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने बिना किसी भेदभाव के हिस्सा लिया और तबर्रुक ग्रहण किया। यह ऱ्य गंगा–जमुनी तहजीब की जीती–जागती तस्वीर पेश कर रहा था, जहां हर कोई एक साथ बैठकर खाना खा रहा था और भाईचारे का संदेश दे रहा था। शनिवार सुबह नमाज के बाद कुरानख्वानी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस दौरान मुल्क और कौम की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी गईं। माहौल पूरी तरह इबादत और आध्यात्मिकता से सराबोर रहा। इसके बाद उसिया और खजुरी गांव में चादर जुलूस निकाला गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान धार्मिक नारों और दुआओं की गूंज से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी इसमें शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे थे। मगरीब की नमाज के बाद दरगाह शरीफ पर चादरपोशी और गुलपोशी की मुख्य रस्म अदा की गई। इस दौरान जायरीन की भारी भीड़ उमड़ी रही और देर रात तक फातिहा कराने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। हर कोई अपनी मन्नतें लेकर दरगाह पर पहुंचा और दुआएं करता नजर आया। दरगाह कमेटी की देखरेख में पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कमेटी के सदस्यों ने जायरीन की सुविधा का पूरा ध्यान रखा और किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। पानी, रोशनी और साफ–सफाई की व्यवस्था भी बेहतरीन रही। दरगाह के मुतवल्ली ने बताया कि यह उर्स हर वर्ष 28 मार्च को पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। हालांकि पिछले वर्ष 28 मार्च रमजान के महीने में पड़ने के कारण उर्स को रमजान के बाद आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह उर्स वर्षों से इसी परंपरा के साथ मनाया जा रहा है और इसमें हर साल बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उर्स के मौके पर पूरे दिन मेले का भी आयोजन किया गया, जिसने इस धार्मिक आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। मेले में महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों ने झूले, खिलौनों और विभिन्न मनोरंजन के साधनों का जमकर आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने घर–गृहस्थी के सामान और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की। मेले में खाने–पीने के कई स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां लोगों ने चाट, पकौड़ी, मिठाई और अन्य व्यंजनों का लुत्फ उठाया। यह मेला न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और सांस्तिक मेलजोल का भी केंद्र बना रहा। यह आस्ताना वर्षों से सभी धर्मों के लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां हर साल आयोजित होने वाला उर्स इस बात का प्रमाण है कि आस्था और इंसानियत के सामने धर्म की दीवारें कोई मायने नहीं रखतीं। यहां आने वाले हर व्यक्ति को समान सम्मान और स्नेह मिलता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे शांति व्यवस्था बनी रही। कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था देखने को नहीं मिली। प्रशासन की सक्रियता और मुस्तैदी के कारण कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने भी इस आयोजन में बढ़–चढ़कर सहयोग किया और बाहर से आए जायरीन का स्वागत किया। गांव के लोगों ने अपनी परंपरा के अनुसार मेहमाननवाजी निभाते हुए लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की। कुल मिलाकर दादा शाह जहांगीर खां रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और कौमी एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब बात इंसानियत और मोहब्बत की हो, तो सभी भेदभाव अपने आप खत्म हो जाते हैं। यह उर्स न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज को जोड़ने और प्रेम का संदेश फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस तरह उसिया से अखनी तक निकली चादर ने न केवल दूरी तय की, बल्कि दिलों को जोड़ने का काम भी किया और एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सूफी संतों की शिक्षाएं आज भी समाज को एकता के सूत्र में बांधने की ताकत रखती हैं। इस औसर पर सदर अली अकबर खान, सेक्रेटरी मोहम्मद खालिद खान, खजांची जियाउल हक खान, मोहम्मद खालिद खान, मोहम्मद अनवारूलहक खान, मोहम्मद इंतखाब खान, इमरान खान, अकबर खान, इन्तजार खान, इसरार खान (नब्बी), मोहम्मद साजिद खान, ऐनाम खान, मोहम्मद फिरदौस खान, मोहम्मद नवाब खान, मोहम्मद अली अकबर खान, मोहम्मद शाहजहां खान, मास्टर ऐकराम खान, सरवर खान रिंकू कुशवाहा, डाक्टर अनील, मोहम्मद मोजिबुरहमान खान मुस्लिम एवं सर्वसमाज के लोगों की भूमिका सराहनीय रही।







# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं ग्राम पंचायतें, जमालपुर व अंगरसी में अंधेरगर्दी

## - सचिव और प्रधान की जुगलबंदी ने विकास को किया बंटाधार
## - सरकारी धन की बंदरबांट से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सकरन, सीतापुर। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताते हुए विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत जमालपुर और अंगरसी में भ्रष्टाचार का नंगा नाच देखने को मिल रहा है। यहाँ तैनात सचिव देवेंद्र कुमार, प्रधान, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक के रसूख के आगे सरकारी योजनाएं दम तोड़ रही हैं। आलम यह है कि धरातल पर विकास शून्य है, लेकिन कागजों पर लाखों रुपये का भुगतान कर सरकारी खजाने को जमकर चूना लगाया गया है। ग्रामीणों का सबसे गंभीर आरोप सचिव देवेंद्र कुमार की कार्यशैली पर है। लोगों का कहना है कि सचिव महोदय कभी अपने कार्यालय में दर्शन नहीं देते। उनके हिस्से का सारा सरकारी काम उनके निजी मुंशी निपटाते हैं। पात्र ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए ब्लॉक के चक्कर काट–काटकर थक चुके हैं, लेकिन बिना सुविधा शुल्क के कोई सुनने वाला नहीं है। मानक विहीन कार्यों की भरमार ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की स्थिति बदतर है। ग्रामीणों ने जांच के दौरान बताया कि सामुदायिक शौचालय आधे–अधूरे निर्माण के बावजूद पूर्ण भुगतान उठा लिया गया है। इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है, जो बनने के साथ ही टूटने लगी है। कई काम आधे में ही छोड़ दिए गए हैं, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या बढ़ गई है। बिना काम किए डकार लिए लाखों सबसे बड़ा घोटाला मनरेगा के तहत सामने आया है। सूत्रों की मानें तो बिना मौका मुआयना किए, फर्जी मस्टररोल भरकर लाखों रुपये निकाल लिए गए। मौके पर कोई काम नहीं हुआ है, लेकिन कागजों में विकास की गंगा बहा दी गई है। तकनीकी सहायक और जिम्मेदार अधिकारियों की मौन सहमति इस धांधली की पुष्टि करती है। ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। बार–बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होना इस मिलीभगत का प्रमाण है। आक्रोशित ग्रामीण मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से होगी शिकायत ग्रामीणों ने अब आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने निर्णय लिया है कि इस पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम पंचायत में हुए समस्त कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सरकारी धन का गबन करने वाले सचिव, प्रधान व अन्य दोषियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए रिकवरी की जाए।



# अब बोतल व डिब्बे में नहीं मिलेगा पेट्रोल, नियम तोड़ने पर नपेगा पंप संचालक

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले में बढ़ती गर्मी और पेट्रोल पंपों पर बढ़ती अव्यवस्था को देखते हुए जिलाधिकारी ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम लागू कर दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि अब जिले के किसी भी पेट्रोल पंप से प्लास्टिक की बोतलों, जरीकेन या गैर–मानक डिब्बों में पेट्रोल–डीजल की बिक्री नहीं की जाएगी। हादसे को दावत दे रही थी खुले में बिक्री भीषण गर्मी के इस मौसम में पेट्रोल पंपों पर उमड़ रही भारी भीड़ और बोतलों में ईंधन भरकर ले जाने की बढ़ती प्रवृत्ति ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी थी। जिलाधिकारी राजागणपति आर ने सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया है। अधिकारियों का मानना है कि अत्यंत ज्वलनशील होने के कारण खुले डिब्बों में पेट्रोल ले जाना किसी चलते–फिरते बम से कम नहीं है, जो कभी भी बड़ी जनहानि का कारण बन सकता है। पेट्रोलियम नियम 2002 का होगा सख्ती से पालन प्रशासन ने अपने आदेश में पेट्रोलियम नियम 2002 का हवाला देते हुए बताया किरू ईंधन की आपूर्ति केवल मानक और अधि. त कंटेनरों या वाहनों की टंकी में ही की जा सकती है। खुले में ईंधन बेचना कानूनन जुर्म है। नियमों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनके लाइसेंस पर भी आंच आ सकती है। निरीक्षण के लिए पुलिस और पूर्ति विभाग मुस्तैद जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन और जिला पूर्ति विभाग को मैदान में उतार दिया है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय–समय पर पंपों का औचक निरीक्षण करें। इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं पर लगाम लगाना और आम जनता के जीवन की रक्षा करना है। प्रशासन की अपीलरू नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें और केवल वाहनों में ही ईंधन भरवाएं। किसी भी आपात स्थिति से बचने के लिए नियमों का सहयोग करें।

# मधु इंडिया डेको के रसूख तले दफन हुआ जीरो टॉलरेंस

## - क्या योगी का हंटर यहाँ आकर टूट जाता है?

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया–हीरपुर (सीतापुर)। प्रदेश की सियासत में भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश और जीरो टॉलरेंस के नारे गलियों में गूँज रहे हैं, लेकिन सीतापुर की सरहदों पर स्थित मधु इंडिया डेको लिमिटेड के भीतर कानून की रूह काँप रही है। तीन दशकों से फल–फूल रहा यह कारखाना महज एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि आधुनिक गुलामी का वह अभेद्य दुर्ग है, जहाँ न तो भारत का संविधान लागू होता है और न ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त फरमानों का कोई खौफ है। सफेदपोशों का संरक्षण या चंदे का फेविकोल? 1991 से जारी है सत्ता और शोषण का अपवित्र गठबंधन जिस कारखाने की नींव 18 जून 1991 को रखी गई, उसने बीते 33 वर्षों में यूपी की राजनीति के हर रंग को अपने मुनाफे के तेजाब में धो डाला। सत्ता समाजवाद की रही हो या हाथी की चाल वाली, मधु इंडिया डेको ने हर दौर के हुक्मरानों की आँखों पर पट्टी बाँधने का हुनर सीख लिया है। बड़ा सवालरू आखिर क्या वजह है कि इस मिल के खिलाफ उठने वाली हर फाइल श्सुपारीश लेकर ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है? क्या इस मिल की तिजोरी से निकलने वाला चुनावी चंदा ही वह श्फेविकोलश है, जिसने जिले से लेकर राजधानी तक के अधिकारियों के मुँह चिपका रखे हैं? एक जनपद, एक उत्पाद को इस फैक्ट्री ने अपनी ढाल बना लिया है। सीतापुर की दरी की ग्लोबल ब्रांडिंग के नाम पर हीरपुर के हजारों मजदूरों की आँखों में दिन–दहाड़े धूल झोंकी जा रही है। यहाँ सरकारी दरें केवल फाइलों में नाचती हैं। हाड़–माँस गलाने वाले मजदूरों के पसीने की कीमत भीख से भी बदतर तय की गई है। श्रम विभाग की नाक के नीचे करोड़ों रुपये का पीएफ और ईएसआई गोलमाल किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा के नाम पर अनपढ़ मजदूरों को केवल खाली अंगूठा और कोरा कागज थमाया जा रहा है। एक्सपोर्ट सब्सिडी और सरकारी अनुदानों का अरबों रुपया मालिकों के विलासी जीवन में जा रहा है, जबकि बुनाई करने वाले हाथ आज भी दो वक्त की सूखी रोटी को तरस रहे हैं। होली पर सूखे पड़े थे हजारों चूल्हे, अफसरों के घरों में जलती रही रिश्वत की दीवाली जब पूरा उत्तर प्रदेश होली के रंगों में सराबोर था, तब हीरपुर की श्रमिक बस्तियों में मातम जैसा सन्नाटा था। न बच्चों के बदन पर नए कपड़े थे, न रसोई में पकवान। जिस वक्त मजदूर भूखे पेट सो रहे थे, उस वक्त श्रम विभाग के वो आलीशान अधिकारी, जो एसी कमरों में बैठकर श्रमिक कल्याण की झूठी फाइलें रगड़ते हैं, फैक्ट्री मालिकों के साथ गुपचुप मैत्री भोज में मशगूल थे। यह विभाग कुंभकर्णी नींद नहीं सो रहा, बल्कि आँखों पर नोटों की गड्डियां रखकर सोने का ढोंग कर रहा है। माफियाओं पर चलने वाला बुलडोजर यहाँ क्यों थमा? माफियाओं और भ्रष्टाचारियों की छाती पर बुलडोजर चढ़ाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख पर मधु इंडिया डेको एक गहरा काला धब्बा बन चुकी है। सीतापुर की पीड़ित जनता अब सीधे श्पंचम तलश से सवाल कर रही हैरू क्या श्जीरो टॉलरेंसश का कोड़ा सिर्फ रेहड़ी–पटरी वालों और छोटे गुर्गों के लिए है? क्या मधु इंडिया डेको के रसूखदार मालिक कानून और संविधान से भी ऊपर हो गए हैं? भूमि आवंटन से लेकर निर्यात के फर्जीवाड़े तक की जांच के लिए अब तक ैप्ज का गठन क्यों नहीं हुआ? 5. निर्णायक शंखनादरू अब श्न्यायश होगा या श्जनाक्रोशश की आग भड़केगी? अटरिया–हीरपुर के ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अब इसे प्रतिष्ठा की आर–पार की जंग बना लिया है। उनकी मांगें अब श्प्रार्थना पत्रश नहीं, बल्कि श्अल्टीमेटमश हैंरू ैप्ज जांचरू तत्काल उच्च स्तरीय विशेष जांच दल का गठन कर 30 वर्षों के काले कारनामों की परतें खोली जाएं। संयुक्त छापेमारीरू राजस्व, श्रम और उद्योग विभाग की टीम फैक्ट्री के गुप्त तहखानों और बही–खातों को जब्त करे। ब्याज सहित मुआवजारू तीन दशकों से डकारे गए मजदूरों के हक का एक–एक पैसा ब्याज सहित वसूला जाए। निष्कषर्रू भाषणों का शोर बनाम कानून का चाबुक अब भाषणों और दावों का वक्त खत्म हो चुका है। मधु इंडिया डेको लिमिटेड का यह श्शोषण साम्राज्यश या तो कानून के शिकंजे में आएगा, या फिर जनता का यह आक्रोश सीतापुर से निकलकर लखनऊ की सड़कों पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगा। सीतापुर की जनता अब यह देखना चाहती है कि श्महाराज जी का हंटरश इस फैक्ट्री की अवैध दीवारों पर कब गरजता है।



# श्रीनगर में तैनात जिले के लाल अग्निवीर इंद्रजीत पंचतत्व में विलीन

न्यूज वाणी ब्यूरो /हरगांव, सीतापुर। जनपद के हरगांव विधानसभा क्षेत्र के पकरिया धापूपुर गांव में आज हर आंख नम थी और हर दिल में अपने वीर सपूत के लिए गर्व। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर–कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात 24 वर्षीय अग्निवीर सैनिक इंद्रजीत गुप्ता का पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई शहीद का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही भारत माता की जय और इंद्रजीत अमर रहें के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम विदाई दी। हजारों की भीड़ के बीच गमगीन माहौल में चाचा संतोष गुप्ता ने शहीद को मुखाग्नि दी। इंद्रजीत गुप्ता एक ऐसे परिवार से आते थे जिनकी रगों में देशप्रेम दौड़ता है। पिता अर्जुन लाल (भारतीय सेना से सेवानिवृत्त), भाई वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल में बिहार में तैनात। स्वयं इंद्रजीत साल 2022 में अग्निवीर के रूप में सेना में भर्ती हुए थे। ष्इंद्रजीत ने कम उम्र में ही देश सेवा का जो संकल्प निभाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। पूरा क्षेत्र इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि अंतिम संस्कार के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट जनार्दन प्रसाद और नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को नमन किया। इंद्रजीत की असामयिक मृत्यु हृदय गति रुकने के कारण ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को शोक संतप्त कर दिया है। एक होनहार और अविवाहित युवा योद्धा का इस तरह जाना क्षेत्र के लिए कभी न भरने वाली रिक्तता छोड़ गया है।

# निजी फार्मेसी कॉलेज में कार्यरत युवती ने पिया हार्पिक, मौत

## – मौत से पहले पुलिस को दिए बयान में कहा– अपनी मर्जी से उठाया आत्मघाती कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के मानव से हरदोई मार्ग जजौर गांव स्थित डीकेआरआर निजी फार्मेसी कॉलेज में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां कार्यरत एक 26 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में हार्पिक का सेवन कर लिया। कॉलेज स्टाफ द्वारा आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। मूल रूप से अयोध्या मिल्कीपुर की रहने वाली सुनीता (26) पिछले एक साल से अटरिया के इस फार्मेसी कॉलेज में कार्यरत थी। शनिवार शाम करीब 4 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर देख सहकर्मियों ने उसे तत्काल हिंद अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान जब पुलिस को सूचना मिली, तो अधिकारियों ने युवती के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, दम तोड़ने से पहले सुनीता ने वीडियो बयान में स्पष्ट किया कि उसने अपनी मर्जी से हार्पिक का सेवन किया है और इसके लिए कोई अन्य जिम्मेदार नहीं है। देर रात उपचार के दौरान सुनीता ने अंतिम सांस ली। पुलिस की कार्रवाई अटरिया थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि युवती के बयान दर्ज कर लिए गए थे, जिसमें उसने स्वेच्छा से जहर गटकने की बात कही है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहनता से विधिक जांच की जा रही है।




# गुटखा माफिया का खूनी सिंडिकेट, सिधौली-अटरिया में कानून नतमस्तक

## - जनता की जेब पर सरेआम डकैती!

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, अटरिया, सीतापुर। कहने को तो कानून के हाथ लंबे होते हैं, लेकिन सिधौली और अटरिया क्षेत्र में ऐसा लगता है कि कानून के इन हाथों को गुटखा माफियाओं ने अपनी तिजोरियों के भारी बोझ तले दबा दिया है। यहाँ पान मसाला और गुटखा के रसूखदार थोक विक्रेताओं ने मिलकर एक ऐसा आर्थिक सिंडिकेट तैयार किया है, जो आम आदमी की मेहनत की कमाई को गिद्ध की तरह नोच रहा है। महज 90 दिनों के भीतर कीमतों में 100 प्रतिशत का उछाल कर दिया गया है, लेकिन मजाल है कि प्रशासनिक अमले की कुंभकर्णी नींद टूट जाए। गोदामों में कैद माल, बाजार में बनावटी काल यह कोई प्रा.तिक किल्लत नहीं, बल्कि एक सोची–समझी मैन–मेड क्राइसिस है। सिधौली और अटरिया के बड़े डिस्ट्रीब्यूटर्स ने साजिश के तहत अपने गोदामों को माल से पाट दिया है। .त्रिम अभाव पैदा कर बाजार में हाहाकार मचाया जा रहा है, ताकि पीछे छिपे सफेदपोश मुनाफाखोर कालाबाजारी के इस गंदे खेल को अंजाम दे सकें। रोंगटे खड़े कर देने वाले आंकड़े नीचे दी गई तालिका स्पष्ट करती है कि कैसे चंद महीनों में इन भ्रष्टाचारी भेड़ियों ने कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया है। मगरमच्छों की मलाई, गुमटी वालों की शामत इस सिंडिकेट के खेल में सबसे ज्यादा अगर कोई पिस रहा है, तो वह है सड़क किनारे गुमटी लगाने वाला छोटा दुकानदार। बड़े एजेंसी धारक एयरकंडीशन कमरों में बैठकर नोटों की गड्डियां गिन रहे हैं, जबकि ग्राहकों की गालियां और गुस्सा उन गरीब फुटकर विक्रेताओं को झेलना पड़ रहा है। जब छोटा दुकानदार रेट बढ़ने का कारण पूछता है, तो रटा–रटाया जवाब मिलता है पीछे से रेट बढ़ गए हैं। क्या देश की कोई भी रजिस्टर्ड कंपनी रातों–रात अपनी कीमतें दोगुनी कर सकती है? या फिर यह स्थानीय स्टॉकहोल्डर्स का वह आर्थिक अपराध है, जिसे सत्ता और अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है? प्रशासनिक चुप्पीः क्या मलाई का हिस्सा ऊपर तक है? सिधौली और अटरिया की गलियों में अब यह चर्चा आम है कि क्या खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की आंखों पर नोटों की पट्टी बंधी है? जनता सीधे तौर पर सवाल उठा रही है कि आखिर इन मुनाफाखोरों के गोदामों पर छापेमारी करने से विभाग के हाथ–पांव क्यों फूल रहे हैं? क्या इन मगरमच्छों को ऊपर तक संरक्षण प्राप्त है? जनता की दहाड़ः अब तो जागिए हुजूर! क्षेत्र के नागरिकों ने अब आर–पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उनकी मांगें शासन–प्रशासन के लिए एक चेतावनी हैं। थोक विक्रेताओं के गोदामों की तत्काल निष्पक्ष जांच हो। रेट लिस्ट की अनिवार्यताः हर दुकान पर आधिकारिक मूल्य सूची चस्पा की जाए। कालाबाजारी करने वाले सिंडिकेट के आकाओं को चिह्नित कर रासुका जैसी धाराओं में जेल भेजा जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इन गुटखा माफियाओं पर चाबुक चलाकर अपनी इकबाल बुलंद करता है या फिर जनता इसी तरह इस सिंडिकेट राज में लुटती रहेगी।



# आरपी ऑफ इंडिया आठवले इकाई के इसम बने तहसील अध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो /नानौता, सहारनपुर। इसम सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी गांव काशीपुर नानौता सहारनपुर को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (आठवले) इकाई में जनपद सहारनपुर की तहसील रामपुर मनीहारन में अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इसम सिंह को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किये जाने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पार्टी की ओर से आशा जताई गई है कि मनोनीत अध्यक्ष अपनी राजनैतिक एवं सांगठनिक योग्यता के आधार पर प्रदेश में पार्टी को विस्तारित करने का कार्य करेंगें एवं बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर और डॉ० राममनोहर लोहिया के विचारों को क्रियान्वित करेंगें। संगठन में कार्यों की समीक्षा 90 दिनों के उपरान्त की जायेगी। यदि उक्त समायान्तर्गत संगठन के कार्यों में शिथिलता पायी जाती है तो आपको आपके पद से पदमुक्त किया जा सकता है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति पहली प्राथमिकता : मुख्य अभियंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा 33/11 के०वी० पीलीकोठी बांद एवं 33/11 के०वी० उपकेन्द्र बबेरू का औचक निरीक्षण किया गया जिसके दौरान स्विच यार्ड, पावर ट्रांसफार्मर, वीसीवी पैनल और विद्युत आपूर्ति रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें दर्ज उपभोक्ताओं की शिकायतों को तत्काल निस्तारण कराये जाने के साथ–साथ उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति निर्बाध एवं बेहतर रूप से दिये जाने की प्रथम प्राथमिकता के .ष्टिगत सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिकों को सचेत किया गया कि विद्युत आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी और साथ ही सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की गयी कि यदि विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करायी जानी है तो सम्बन्धित उपकेन्द्रों सोशल मीडिया 1912 एवं कन्ट्रोल रून बांदा (945909206) के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिकों का दायित्व होगा कि उपभोक्ता देवोः भवः के तहत दर्ज शिकायतों का संज्ञान लेकर तत्काल शिकायत का निस्तारण करायेंगे तथा फीडबैक लेकर ही शिकायत को बन्द किया जायेगा और साथ ही अपने सीयूजी नम्बर हमेशा चालू रखेगें, कॉल रिसीव करेंगे तथा व्यस्त होने पर कॉल अवश्य बैंक करेंगे। उक्त निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता रविकान्त, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत परीक्षण, अधिशाषी अभियन्ता अमित कुनार पाल, केसरी प्रसाद, उपखण्ड अधिकारी राजेश पटेल, उपखण्ड अधिकारी एजाज रसूल, अवर अभियन्ता वीके पाण्डेय एवं शैलेश कुमार आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में रविवार को मुख्य अभियन्ता (वि०) क्षेत्र द्वारा विद्युत वितरण खण्ड, गवेरू बादा ग्रामीण के अंर्तगत विद्युत वितरण उपखण्ड पैलानी के स्थापित 33/11 के०वी० उपकेन्द्र कालेश्वर, पैलानी एवं जसपुरा के राजस्व वसूली, विद्युत बिल राहत योजना 2028 एवं बिजनेश प्लान के कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें मौके पर उपस्थित अबर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी एवं समस्त स्टाफ को ओटीएस एवं शत् प्रतिशत राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मां दुर्गा प्रतिमा का भव्य विसर्जन, सरयू नदी में आस्था का संगम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मां दुर्गा विसर्जन की शुरुआत श्री शिव मंदिर पठान इमली से हुई, जहां से भक्तों ने ढोल–नगाड़ों और भक्तिमय गीतों के बीच जय मां दुर्गा के गगनभेदी उद्घोष के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती यह शोभायात्रा आस्था और उल्लास का प्रतीक बन गई। यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता कर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय दुर्गा और जय श्रीराम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रथम विसर्जन के संरक्षक प्रमोद कुमार नाग ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ऐसे कर्म करने चाहिए, जिससे मोक्ष की प्राप्ति संभव हो। उनके संदेश ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक सोच की ओर प्रेरित किया। अंततः मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा और विधि–विधान के साथ सरयू नदी के गायघाट पर विसर्जित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक प्रमोद कुमार नाग के साथ हिमांशु सिंह (अध्यक्ष), .ष्ण आर्य, राजा रस्तोगी, शुभम यज्ञ सैनी, गोपाल आर्य, ललित चौरसिया, लकी चौरसिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सुरक्षा और व्यवस्था सराहनीय रही। मां दुर्गा के विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना करते हुए भक्तिभाव से विदाई दी।

# अश्वनी का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर निदेशक ने दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर समग्र शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ विवेक नौटियाल ने उन्हें लखनऊ कार्यालय पर शुभकामनाएं प्रदान कीं। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। विवेक नौटियाल समग्र शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहने के साथ इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में जनपद के नोडल अधिकारी की भूमिका में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। अश्वनी कुमार जैन ने विवेक नौटियाल, समग्र शिक्षा के संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है। उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# डांट से क्षुब्ध किशोर ने फांसी लगा दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के चितौली गांव में परिजनों की डॉट से क्षुब्ध डोकर किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के चितौली गांव निवासी राजेन्द्र के 13 वर्षीय पुत्र को परिजनों ने किसी बात को लेकर डॉट दिया। परिजनों की डॉट से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने जब दीपांशु को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में हड़कंप मच गया तुरंत उसको फंदे से उतार कर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे घोषित कर दिया। वही घटना की। सूचना पर पहुंची पुलिस से मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारत नेपाल खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया अपना दमखम

## - रन फॉर राम मैराथन दौड़ बालक वर्ग में बॉबी प्रथम एवं बालिका वर्ग में वेनिका प्रथम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कॉलेज में भारत नेपाल खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, कार्यक्रम आयोजक सुरेश प्रताप सिंह चौहान, कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा कार्यक्रम संयोजक सत्य प्रकाश सिंह सत्या, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष डिंपल जैन, जिला प्रचारक अजय कुमार, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, अमरनाथ, मेजर एसपी सिंह मौजूद रहे। रन फॉर राम मैराथन दौड़ महिला वर्ग में वेनिका रावत प्रथम, कल्पना अवस्थी द्वितीय एवं दिव्या मिश्रा तृतीय स्थान पर रही।



रन फॉर राम मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में बॉबी कुमार प्रथम, किशन लाल द्वितीय, अजीत वर्मा तृतीया, सर्वेश चतुर्थ एवं सत्यम त्रिपाठी पंचम स्थान पर रहे। रस्सा कस्सी महिला वर्ग में केडीसी बहराइच विजेता रही एवं स्टेडियम उपविजेता रही। रस्साकस्सी पुरुष वर्ग में मिहींपुरवा विजेता एवं टाइगर टीम उपविजेता रही। तीरंदाजी प्रतियोगिता महिला वर्ग में कविता कुमारी विजेता एवं पुरुष वर्ग में विष्णु दयाल उपविजेता रहे। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स प्रथम एवं पयागपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें पयागपुर टीम 25–8 से विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स सेकंड एवं नेपाल के बीच खेला गया इसमें स्पॉट स्पोर्ट सेकंड 21–20 से विजेता रही। फाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स व पयागपुर के मध्य खेला गया। जिसमें पयागपुर ने 25–19 से जीत लिया। महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कंजेभरिया विजेता एवं टीम बहराइच उप विजेता रही। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह, वॉलीबाल सचिव प्रेम नाथ तिवारी, रजत सिंह, देवेंद्र सिंह, निर्णायक की भूमिका में वीरेंद्र पाल सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, प्रमोद कुमार, विनोद यादव, गोविंद चौहान, आशीष सिंह, सुभाष चन्द्र, श्याम सुंदर, दीपक शर्मा, केपी, रवि श्रीवास्तव, सत्यपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार पांडे द्वारा किया गया।

# पीएम की एकजुट व जागरूक रहकर अफवाहों से दूर रहने की अपील

## - मन की बात में ज्ञान भारतम पहल व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चर्चा

## - जिले के सभी बूथों में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के सभी बूथों में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधित मन की बात के 132 वें संस्करण को सुना गया। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने विधानसभा तिंदवारी पैलानी डेरा बूथ में, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बाँदा विधानसभा के खुरन्हड स्थित बूथ में, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नरैनी स्थित बूथ में मन की बात सुनी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के बलखंडी नाका स्थित 145 वें बूथ में मन की बात सुनी गई जिसमें मोदी जी ने ज्ञान भारतम पहल और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे अनेक प्रयासों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को एकजुट व जागरूक तथा अफवाहों से दूर रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने अपने सम्बोधन में विश्वशांति और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के साथ साथ टी–20 विश्व कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक विजय का गौरवपूर्ण उल्लेख किया। कार्यक्रम में अशोक त्रिपाठी जीतू, गिरिजेश तिवारी, उत्तम सक्सेना, आनंदी साहू, देशराज सिंह, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चौरसिया, गोपालचंद अवस्थी, राजेश गुप्ता रज्जन, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव, लखन कुशवाहा, वेद शर्मा, संजीव निगम, दीपक राजपूत, राजा चौहान, सचिन अग्निहोत्री, प्रभात राजपूत आदि मौजूद रहे।

# बाबा नीब करौरी जन्मस्थली बनेगी पर्यटन हब

## - कन्वेंशन सेंटर का काम 90 प्रतिशत पूरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आस्था और विकास का संगम, कन्वेंशन सेंटर जल्द तैयार 865 लाख रुपए की परियोजना से बदलेगी बाबा नीब करौरी जन्मस्थली की तस्वीर कन्वेंशन सेंटर और सड़क परियोजना से बदलेगा क्षेत्र का विकास मॉडल जयवीर सिंह में आस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फिरोजाबाद स्थित बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यहां एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण तेजी से जारी है। जिसका करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस परियोजना के अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। करीब 865.98 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस कन्वेंशन सेंटर पर अब तक 769.74 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह केंद्र न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा कन्वेंशन सेंटर कन्वेंशन सेंटर में मल्टीपर्पज हॉल, सांस्ःतिक ब्लॉक और एक आधुनिक एग्जीबिशन हॉल बनाया जा रहा है। इस एग्जीबिशन हॉल में नीब करौरी बाबा के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं और उनकी आध्यात्मिक यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु उनके जीवन दर्शन को करीब से समझ सकेंगे। भवन के ग्राउंड लोर पर शौचालय, डाइनिंग हॉल, लगभग 50 लोगों की क्षमता वाली कैफेटेरिया और किचन की सुविधा होगी। वहीं, प्रथम तल पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग–अलग डॉर्मिटरी बनाई जा रही हैं, जिनमें 30 डबल बेड के जरिए करीब 60 लोगों के ठहरने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, क्षेत्र में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए एक दूसरी परियोजना भी हाल ही में शुरू की गई है, जिस पर 1.77 करोड़ की लागत आएगी। इस परियोजना के तहत सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही और भी आसान हो सकेगी। आस्था, विकास और रोजगार का नया संगम–जयवीर सिंह पर्यटन एवं संस्ःति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कन्वेंशन सेंटर और सड़क परियोजना से क्षेत्र का विकास मॉडल पूरी तरह बदलने जा रहा है। बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली को हम एक प्रमुख धार्मिक और सांस्ःतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मंत्री ने बताया कि यह परियोजनाएं न सिर्फ आस्था को सशक्त करेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगी। हमारी कोशिश है कि यहां आने वाले हर व्यक्ति को सुगम कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाएं और एक आध्यात्मिक अनुभव तीनों एक साथ मिलें। अकबरपुर बनेगा वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र अमृत अभिजात अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्ःति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में बाबा नीब करौरी महाराज की जन्मस्थली अकबरपुर को विशेष रूप से संवारा जा रहा है, ताकि देश और दुनिया के लोग इस पावन स्थल से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि अक्सर श्रद्धालु कैंची धाम, उत्तराखंड जाते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को उनकी जन्मस्थली के बारे में जानकारी है। हमारा उद्देश्य इस स्थान को वैश्विक पहचान दिलाना है। इसके लिए यहां आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जैसे कन्वेंशन सेंटर, एग्जीबिशन स्पेस और होम–स्टे, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह पहल न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ाएगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी।

# नेपाल के पूर्व पीएम के गिरफ्तारी के विरोध में नेपालगंज में विरोध प्रदर्शन तेज

## - नवनियुक्तगृहमंत्री सूदन गुरुंग का जलाया पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के राजनीति में परिवर्तन होते ही तूफान खड़ा हो गया है। नेपाल में जीएनजी आंदोलन के पश्चात बड़े राजनीतिक बदलाव के परिणामस्वरूप काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह के नेपाल के प्रधानमंत्री बनते ही जीएनजी आंदोलन की जांच करने के लिए कार्की कमेटी का गठन किया गया था। कार्की कमेटी के जांच रिपोर्ट सौंपते ही मौजूदा गृह मंत्री के आदेश पर नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली एवं तत्कालीन गृह मंत्री कांग्रेस पार्टी के नेता रमेश लेखक को गिरतार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के विरोध में बांके जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई इसी बीच नेपालगंज में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। कार्की आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई कार्रवाई के विरोध में विभिन्न स्थानों पर एमाले पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। शनिवार को नेपालगंज के बीपी चौक पर प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर बालेन सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा नवनियुक्त गृहमंत्री सूदन गुरुंग का पुतला जलाया। इस दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच धक्का–मुक्की भी देखने को मिली। हालांकि पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने आरोप लगाया कि संबंधित नेताओं की गिरतारी राजनीतिक द्वेष से प्रेरित और अनुचित है। उन्होंने मांग की कि जब तक आरोपित नेताओं को रिहा नहीं किया जाता और जिम्मेदार पदाधिकारी इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के कारण बीपी चौक से गुजरने वाला यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा। आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी की ओर से 29 मार्च को सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी।

# खानकाहे हुसैनिया में नमाज ए फज्र के बाद कुरान ख्वानी का हुआ कार्यक्रम



न्यूज वाणी ब्यूरो / मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। वार्षिक उर्स के दूसरे दिन खानकाह ए हुसैनिया में नमाज ए फज्र के बाद कुरआन ख्वानी का कार्यक्रम हुआ। कुरआन ख्वानी के बाद प्रातः दस बजे जशने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम हुआ। नमाज ए जोहर अदा करने के बाद सज्जादानशीन हजरत सैय्यद मसऊद अहमद कलीमी चिश्ती कादरी ने खानकाह की ऐतिहासिक धरोहरों में (तबर्रुकात) के जायरीनों को दर्शन कराए। बाद नमाज ए इशां खानकाह में मशहूर महफिल ए समां कव्वाली का कार्यक्रम हम्दो सना से शुरू हुआ। सज्जादानशीन की उपस्थिति में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश करके जायरीनों को मस्ती में झूमने पर मजबूर कर दिया। हजरत अमीर खुसरो के इस कलाम को बहुत ज्यादा पसन्द किया गया।जायरीन ने नजराना ए अकीदत पेश करके कव्वालों को भी खुश कर दिया। इस दौरान सज्जादानशीन ने मुल्क एवं कौम की खुशहाली के लिए दुआ की। उर्स के दूसरे दिन देश के अन्य प्रांतों से आए काफी जायरीनों ने बड़े अदब ओ एहतराम के साथ शिरकत की और पीराने उज्जाम के मजारात पर गुलपोशी करके हाजरी दी। देश के दूसरे राज्यों से आने वाले जायरीनों के लिए खानकाह समेत कस्बे में कई स्थानों पर रहने एवं खाने की व्यवस्था की गई है। सालाना उर्स के मौके पर खानकाह ए हुसैनिया की भव्य एवं आकर्षक सजावट की गई है। बाद नमाज ए इशां महफिल ए समां कव्वाली के कार्यक्रम में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश करके जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सैय्यद डॉ असद अहमद कलीमी चिश्ती सैय्यद मुसद अहमद कलीमी चिश्ती मो0 याकूब अंसारी ठाकुर कुँवर सिंह सहारनपुरी ताहिर खां गुड्डू मिर्जा इलियास बेग शान मियां मिर्जा तौहीद बेग शैज खां सज्जू रविउल कलीमी अजीजुर्रहमान अंसारी राजू असलम सिद्दीकी इत्यादि बेशुमार जायरीनों ने शिरकत की है।

# आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किए जिले के अधिकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला आपदा प्रबन्धा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान 28 से 30 मार्च तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद के 100 जिला स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में हितधारकों की भूमिका विषयक पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद



स्तरीय हितधारको के क्षमता संवर्धन हेतु मौजूद अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रकार के आपदाओं के प्रभाव को न्यून से न्यूनतम करने के उद्देश्य से आपदा पूर्व प्रभावी तैयारी, रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार करने के लिए विचार विमर्श किया गया। विशेष विशेषज्ञों की ओर से मौजूद अधिकारियों को क्या करें और क्या न करें के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये इसके साथ ही राज्य आपदा मोचक निधि के अन्तर्गत दी जाने वाली राहत सहायता तथा क्षति आंकलन के बारे मे भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एण्टी स्नैक वेनम, संक्रामक रोगों की रोकथाम विशेषकर बाढ़ आपदा से पूर्व की जाने वाली तैयारियों एवं बाढ़ के उपरान्त जनस्वास्थ्य हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के महत्व तथा जनहानि होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र के महत्व के बारे मे बताया गया। .षि विभाग द्वारा फसलों के नुकसान व राहत सहायता, बाढ़ वाले क्षेत्रों मे अलग अलग तरह के फसलों की बुवाई, विद्युत विभाग द्वारा आपदा के समय विद्युत आपूर्ति व नियंत्रण तथा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। जिला आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जनपद के विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग आदि उपस्थित विभागों के कार्य व दायित्व व अनुभवों को अन्तर्विभागीय साझाकरण कराया गया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा व सुनील कुमार चौधरी तथा शिवम सिंह द्वारा विभिन्न आपदाओं पर क्या करें–क्या न करें के सम्बन्धा में जानकारी प्रदान की गयी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आपदा कार्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन 30 मार्च को 100 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

# जरूरतमंद परिवारों को फाउंडेशन ने वितरित किया राशन

न्यूज वाणी ब्यूरो / फिरोजाबाद। ग्राम पंचायत बरकतपुर में शुभचिंतक इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आराध्या वेलफेयर एजुकेशन एग्रीकल्चर फाउंडेशन के सहयोग से जरूरतमंद परिवारों के लिए राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। गांव के कई गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की गई जिससे उनके दैनिक जीवन में सहायता मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रोविजनल अधिकारी मिथिलेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र कुमार प्राचार्य जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन गोपाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर की 135 वीं जयंती : कृष्ण मोहन

न्यूज वाणी ब्यूरो / फिरोजाबाद। भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अध्यक्ष पद को लेकर जन कल्याण विकास समिति की एक बैठक हिमायूंपुर में आयोजित की गई। जिसमें, सामाजिक चर्चाओं के बीच सर्व समिति की सहमति से .ष्ण मोहन चक्रवर्ती को अध्यक्ष पद पर नामित किया गया और रविता सिंह, पवन चक्रवर्ती, सनोज राठोर, सोनेश कुमार, योगेश चक्रवर्ती, सुनील वर्मा, दीपू यादव, आश्विन यादव, विश्वदीप सिंह, दीपक गुप्ता, विनोद कुमार व अन्य पदाधिकारियों सहित गणमान्य लोगों और शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी। .ष्ण मोहन चक्रवर्ती ने बताया कि बाबा साहब देश के महान व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने, दलित पिछड़े अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जिसे पूरा देश भूला नहीं सकता। ऐसे महान व्यक्ति की 135वी जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी।

# शिक्षुता व रोजगार मेला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो / फिरोजाबाद। शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वामी नगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद में 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से सांय 03 बजे तक सोमवार को शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप) व रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें, प्रदेश की प्रतिष्ठित अधिष्ठान सैमसंग मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, याजकी प्राइवेट लिमिटेड, एशियन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा द्वारा आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। जिला समन्वयक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिकोहाबाद की प्रधानाचार्या ने शिक्षुशु मेले में प्रतिभाग करने हेतु समस्त अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा है कि, वे अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों की मूल एवं छायाप्रति रिज्यूम के साथ लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

# घायलों के मेडिकल में देरी पर भड़के कार्यकर्ता, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो / नांगलसोती, बिजनौर। गांव कामराजपुर में युवकों के साथ हुई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ता पीड़ित पक्ष के समर्थन में नांगल थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। बताया गया कि गांव निवासी सुमित कुमार की कुछ दिन पहले गांव के ही एक युवक से कहासुनी हुई थी, जिसे बाद में आपसी सहमति से खत्म कर दिया गया था। इसके बावजूद रात के समय जब सुमित अपने रिश्तेदार शिवम के साथ तिसोतरा जा रहा था। तभी रास्ते में घात लगाकर कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरतार कर जेल भेज दिया था, जबकि कुछ आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। शनिवार को विहिप के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता थाने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि घायलों का सही तरीके से मेडिकल नहीं कराया गया और मामले में लापरवाही बरती गई है। साथ ही उन्होंने फरार आरोपियों की जल्द गिरतारी की मांग की। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि मामले में शेष आरोपियों को भी जल्द पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जैन समाज अध्यक्ष को देखने पहुंचे विधायक व जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कुछ दिन पूर्व जैन समाज अध्यक्ष एवं समाजसेवी संजू जैन ठेकेदार का एक्सीडेंट हो गया था। दुघर्टना की जानकारी मिलने पर सदर विधायका सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष



संतोष चौहान, चैयरमैन इकदिल अभिषेक गोयल, समीर दोहरे, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव सत्यम राजपूत, राहुल राजपूत, मनोज राजपूत, अशोक चौहान, चंदन, राजीव चतुर्वेदी, मृत्युंजय चौधरी, देवांस श्रीवास्तव, मो हसन, मनोज तिवारी, रिंकू जैन, आशुतोष त्रिवेदी, हरिनाथ कुशवाहा, आयुश राज, सुरेश राजपूत, आलोक गुप्ता, रोहित शाक्य, विमलेश शाक्य ने उनका हालचाल लेने पहुंचे और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संजू जैन समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहते हैं और सभी लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# अटल आवासीय विद्यालय में बिजनौर का जलवा, 65 छातों का चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनपद के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में बिजनौर के कुल 65 छात्र–छात्राओं का चयन हुआ है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। कक्षा छह में 47 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है, जिनमें 24 बालक और 23 बालिकाएं शामिल हैं। वहीं कक्षा नौ के लिए 18 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें 12 बालक और 6 बालिकाएं हैं। अधिकारियों के अनुसार इस बार घोषित परिणाम में सर्वाधिक चयन बिजनौर जिले से हुआ है। बताया गया कि कक्षा छह में कुल 160 सीटें और कक्षा नौ में 66 सीटें निर्धारित थीं। चयनित विद्यार्थियों को आगे की प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा छह में चयनित विद्यार्थियों को अपने सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ रविवार को अटल आवासीय विद्यालय, मुरादाबाद में उपस्थित होना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। गौरतलब है कि इस विद्यालय में पंजी.त श्रमिकों के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है और हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल होते हैं।

# तहरीर देकर लौट रहे युवक को ट्रक ने कुचला, दोनों पैर कटे

न्यूज वाणी ब्यूरो /चांदपुर, बिजनौर। थाना शिवाला कलां क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। मारपीट में घायल होने के बाद पुलिस चौकी पर तहरीर देने पहुंचे युवक को लौटते समय ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव फीना निवासी बृजेश कुमार का शुक्रवार शाम पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों से विवाद हो गया था। मारपीट में घायल बृजेश रात करीब 10 बजे बेलवाला पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचा। तहरीर देने के बाद जैसे ही वह वापस लौट रहा था, चौकी से कुछ दूरी पर ही तेज रतार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बृजेश के दोनों पैर शरीर से अलग हो गए। करीब एक घंटे बाद राहगीरों ने उसके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों और पुलिस को एक पैर कुछ दूरी पर मिला, जबकि दूसरा पैर नहीं मिल सका। घायल को तुरंत स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें ट्रक की टक्कर से हादसा होना स्पष्ट हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक की पहचान कर उसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों में चर्चा है कि घायल काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा, जिससे दूसरा कटा हुआ पैर किसी जानवर द्वारा उठाकर ले जाया गया होगा।

# कार की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो /चांदपुर–बिजनौर। चांदपुर–धनौरा मार्ग पर गांव बबनपुरा के पास एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब बरात चढ़त के दौरान तेज रतार वाहन ने तीन बरातियों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव बबनपुरा स्थित अनुपम बैंक्वेट हॉल में मोरना से बरात पहुंची थी। चढ़त के दौरान अचानक एक तेज रतार वाहन ने पहले सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में टक्कर मारी, फिर बरात में शामिल विवेक भारद्वाज (26), उसके चचेरे भाई अंकित और मुरादाबाद के कटघर निवासी शुभम को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विवेक भारद्वाज पुत्र महेश कुमार शर्मा की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। तीनों घायलों को तुरंत सीएचसी स्याऊ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं अंकित और शुभम का इलाज शुरू किया गया, लेकिन शुभम की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विवेक की शादी करीब एक साल पहले ही हुई थी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सिदरा फात्मा का जन्म दिनाकं 12.08.2021 को ब्रॉडवेल क्रिश्चियन हॉस्पिटल फतेहपुर में हुआ था। माता का नाम नशरीन बानों है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। नशरीन बानों पत्नी शानू निवासिनी मोहम्मदपुर कला महोई तहसील व जिला फतेहपुर उ0प्र0।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी पिन्टू सिंह पुत्र छेद्दू निवासी ग्राम छीछिनी माजरे छीछिनी, थाना असोथर, विकास खण्ड हसवा, तहसील व जिला फतेहपुर (उ०प्र०) के पुत्र रितिक सिंह का जन्म दिनांक 05–03–2021 को प्रार्थी के निज निवास पर हुआ था। दजन्म पंजीकरण संबंधी जानकारी के अभाव में प्रार्थी एवं उसकी पत्नी प्रीती सिंह द्वारा समय पर जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया जा सका। अब जन्म प्रमाण पत्र बनवाना आवश्यक है। जन्म तिथि एवं जन्म स्थान के संबंध में भविष्य में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की कानूनी जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं वहन करेगा।

# 30 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद, 15 जून तक चलेगा अभियान

## - 67 क्रय केंद्रों पर तैयारियां पूरी, किसानों को नहीं होगी कोई असुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों एवं क्रय केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनपद में गेहूं खरीद अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर 15 जून तक संचालित किया जाएगा। सभी क्रय केंद्र प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश के दिन केंद्र बंद रहेंगे, जबकि अन्य दिनों में नियमित संचालन होगा। जनपद में कुल 67 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर अभिलेखों का समुचित संधारण, निरीक्षण पंजिका एवं शिकायत पंजिका अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेगी। इस वर्ष गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ाया गया है तथा समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। साथ ही किसानों को उतराई एवं छंटाई के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से भुगतान किया जाएगा। निर्देश दिए गए कि गेहूं खरीद से पूर्व किसानों का पंजीकरण एवं सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। जिन किसानों का सत्यापन लंबित है, उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी क्रय केंद्रों पर एम–पॉस मशीन से उपस्थिति की निगरानी की जाएगी तथा समय से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी किसान को केंद्र से वापस नहीं लौटाया जाएगा। यदि गेहूं में सामान्य गंदगी हो, तो उसे साफ कर खरीद सुनिश्चित की जाए। मंडी परिषद को सभी केंद्रों पर तौल मशीन, पावर डस्टर एवं एनालिसिस किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी क्रय केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैनर, क्यूआर कोड एवं "किसान मित्र ऐप" के प्रचार–प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही तौल मशीनों का समय से कैलिब्रेशन, पर्याप्त बोरे (बैग) तथा प्रत्येक केंद्र पर दो कांटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं किसान हितैषी होनी चाहिए तथा किसी भी स्थिति में व्यापारियों से गेहूं की खरीद न की जाए। केंद्रों पर शालीन व्यवहार बनाए रखते हुए किसानों का विश्वास कायम रखा जाए। बैठक में उप .षि निदेशक आर.एन. सिंह सहित समस्त क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# गौशाला व्यवस्थाओं पर सख्त हुए डीएम, लापरवाही पर दी चेतावनी

## - साफ-सफाई, चारा व निगरानी के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में गौशाला संचालन एवं प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौशालाओं की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर लगातार असंतोष व्यक्त किया जा रहा है और पशुधन विभाग की स्थिति अत्यंत दयनीय है। जनपद में संचालित लगभग 70 गौशालाओं के बावजूद अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की जा रही हैं, जो गंभीर विषय है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशालाओं में साफ–सफाई, भूसा, दाना, हरा चारा, पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। शासन द्वारा पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने के बावजूद यदि लापरवाही सामने आती है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि 6–7



गौशालाओं की भी समुचित निगरानी नहीं की जा सकती, तो यह चिंताजनक है। सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। अनुपजाऊ (उसार) भूमि में जिप्सम डालकर हरा चारा उगाने, चारागाह एवं ग्राम पंचायत की भूमि का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए गए। नेपियर घास की बुवाई पर विशेष जोर देते हुए स्थानीय स्तर पर चारे की व्यवस्था विकसित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि गेहूं की अच्छी फसल को देखते हुए आगामी 15 दिनों में भूसा उपलब्ध होगा, इसलिए पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भूसा दान कराने के साथ ही खरीदे एवं प्राप्त भूसे का नियमित लेखा–जोखा रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बेसहारा गोवंश को चिन्हित कर सुरक्षित गौशालाओं में रखने तथा आवश्यकता अनुसार नई गौशालाएं स्थापित करने के निर्देश दिए। सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में गौशालाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि बढ़पुरा, महेवा और भरथना में 11–11, चकरनगर और जसवंतनगर में 6–6 तथा ताखा में 8 गौशालाएं संचालित हैं। सभी स्थानों पर चारा, पानी, छाया एवं दाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएसटीओ रमेशचंद तथा समस्त विकास खंड अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यूज वाणी कार्यालय में धार्मिक आयोजन, मां दुर्गा से की सुख-समृद्धि की कामना

## - नववर्ष पर हवन-पूजन के साथ कन्या पूजन, आस्था का अद्भुत संगम




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चैत्र नवरात्रि के पावन एवं शुभ अवसर पर न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र के जिला कार्यालय में भक्ति, आस्था और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर ब्यूरो प्रमुख संजीव शर्मा द्वारा संत पुरुष के सानिध्य में विधि–विधान से हवन–पूजन कराकर नववर्ष का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न हुआ, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। हवन में संजीव शर्मा सहित उनके परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और श्रद्धाभाव से आहुतियां अर्पित कीं। इस धार्मिक आयोजन के क्रम में कन्या पूजन का विशेष महत्व भी देखने को मिला। नवरात्रि के अवसर पर छोटी–छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। कन्याओं के चरण पूजन कर उन्हें चुनरी ओढ़ाई गई तथा प्रसाद, फल एवं उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज में नारी सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने मां दुर्गा से सुख, समृद्धि और समाज के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल नववर्ष का मंगलमय आरंभ करना था, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्तिक मूल्यों को सु.ढ़ करना भी रहा। न्यूज वाणी परिवार द्वारा इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने की यह पहल सराहनीय मानी जा रही है।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## - सहसों थाना पुलिस ने नींवरी गांव में बाटे जागरूकता पम्पलेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना सहसों पुलिस द्वारा ग्राम नींवरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराया। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए निरंतर अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।



# मन की बात के 132 वें एपिसोड को बूथ स्तर पर सुना

## - भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व जनता ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के 132 वें एपिसोड के माध्यम से देश और विदेश में रह रहे लोगों से अपने विचार साझा किए। वर्ष 2026 का यह तीसरा प्रसारण रहा, जिसे जनसंवाद का सशक्त माध्यम माना जाता है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सदर विधानसभा क्षेत्र के इटावा द्वितीय मंडल अंतर्गत अड्डा ऊसरा शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 152 पर पहुंचकर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वैश्विक युद्ध और ऊर्जा संकट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं और देशवासियों को अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहना चाहिए। साथ ही खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए वहां की सरकारों का आभार भी जताया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सभासद संजय कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, सुरेश राजपूत, गजराज कुशवाहा, जगराम कुशवाहा, समीर सक्सेना, रोहित शाक्य, चन्दन मिश्रा, सतेंद्र मिश्रा, अमर चंद सविता, नीरज पांडेय, सरला कुशवाहा, सुनील कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों और संदेशों को बूथ स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# परशुराम सेवा समिति की का वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 19 को

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी के आवास पर पत्ता बाग फ्रेंड्स कॉलोनी में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अरविन्द तिवारी ने की। संचालन प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा ने किया। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने अशोकनगर निवासी सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा को समिति का संरक्षक मनोनीत किया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर दो बजे से माँ चामुंडा देवी मन्दिर परिसर प्रकाश कोल्ड स्टोर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में 11 महिलाओं सहित 51 वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र, पट्टीका व परशुराम जी की प्रतिमा देकर परशुराम सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में परशुराम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी के गठन पर भी चर्चा हुयी। जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह के अंदर कर दी जाएगी। बैठक में संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपालजी मिश्रा, सदस्य रविशंकर चौधरी, आशुतोष त्रिपाठी, शुभम पाठक, श्याम मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी, जिला महामंत्री राज तिवारी आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में फाल्गुनी शर्मा ने पाया प्रथम स्थान

## – सिटी पब्लिक स्कूल में होनहार छात्रा का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सिटी पब्लिक स्कूल ब्रह्मनगर की होनहार छात्रा कु. फाल्गुनी शर्मा कक्षा 5 ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जनपद का नाम




रोशन किया है। इस उपलब्धि पर छात्रा को सम्मानित करते हुए समाजसेवी डॉ. हरिशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अपना दल एस ने कहा कि छात्र जीवन सीढ़ी के समान होता है, जिसमें निरंतर सफलता प्राप्त करते हुए विद्यार्थी अपने लक्ष्य तक पहुंचता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप बिसारिया ने छात्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि छात्र जीवन में परीक्षा में सफलता के साथ–साथ अच्छा आचरण भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, जो सफलता की कुंजी बनता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने भी छात्रा को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सम्मानित करने वालों में दिव्यांश बिसारिया, संदीप कुमार, कु. श्वेता, कु. मुस्कान, कु. सृष्टि शर्मा, कु. गुलिस्ता, अनिल पांडेय शामिल रहे। छात्रा की इस सफलता से विद्यालय एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है।






